भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय

महाराणा प्रताप स्टेशन रोड, सेवाश्रम सर्कल, उदयपुर (राज.)

कार्यालय : (0294) 2414497, 2414498, मो. 9376769120

क्रमांक : भूनोवि / उपाधि / दीक्षान्त समारोह / 2024–25 / 3992 दिनांकः 06.03.2025

प्रथम दीक्षान्त समारोह

अधिसूचना

भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा वर्ष 2018 से 2024 तक की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा में उत्तीर्ण एवं विद्यावाचस्पति (Ph.D.) उपाधिधारियों के लिए **दीक्षान्त समारोह 27 मार्च, 2025, गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे** आयोजित करने का निश्चित हुआ है। दीक्षान्त समारोह में **2020 से 2025** तक की विद्यावाचस्पति (Ph.D.) की उपाधियों तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में वर्ष 2024 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे।

अतः जो उपाधिधारी उक्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना के साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वरीयता प्राप्त छात्रों हेतु, पंजीकरण शुल्क 500 रू. व उपाधि शुल्क 5000 रू., (कुल 5500 रू.) एवं विद्यावाचस्पति (Ph.D.), शोधार्थी पंजीकरण शुल्क 500 रू. व उपाधि शुल्क 5000 रू. (कुल 5500 रू.) नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर के नाम बनाकर कुलसचिव, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर को **दिनांक 17.03.2025** तक जमा करें ताकि उनके लिए विश्वविद्यालय सभागार में स्थान सुरक्षित किया जा सके। **समारोह में समस्त उपाधिधारक छात्रों के लिए ब्लेक जोधपुरी कोट, साफा एवं छात्राओं के लिए पिंक सलवार कुर्ता अथवा पिंक साड़ी अनिवार्य होगी। जिसकी व्यवस्था उपाधिधारकों को स्वयं अपने स्तर पर करनी होगी।** उपाधिधारक छात्रों को **साफा एवं उपरना** विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त उपाधिधारक विश्वविद्यालय के समारोह स्थल पर **प्रातः 8:30 बजे** अनिवार्यतः उपस्थित होने का श्रम करें।

नोटः

1. 15 मार्च, 2025 तक जिन शोधार्थियों की मौखिकी परीक्षा (Viva-Voce) हो चुकी होगी, उन्हें ही दीक्षांत समारोह में विद्या वाचस्पति (Ph.D.) उपाधि प्रदान की जाएगी।
2. दीक्षांत समारोह से संबंधित सूचना एवं समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना का प्रपत्र (Form) विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bnuniversity.ac.in** से डाउनलोड किया जा सकता हैं।
3. निर्धारित प्रारूप एवं तिथि तक सूचना नहीं देने वाले उपाधिधारियों को समारोह में शामिल नहीं किया जायेगा।
4. विद्यावाचस्पति / स्वर्णपदक धारकों को दीक्षान्त समारोह में अपने साथ माता–पिता अथवा दो परिजनों को विश्वविद्यालय सभागार में बैठने की अनुमति होगी।
5. समारोह के समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना, (यदि हुई तो) अलग से समाचार पत्र द्वारा एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bnuniversity.ac.in पर अपलोड की जायेगी।

कुलसचिव